देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 279 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...पर्सनल डेटा के इस्तेमाल



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 17 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 19.0° न्यूनतम 6.0°

40938.72

2 संयुक्त राज्य में सबसे अधिक अच्छी हवा

7 विराट कोहली टॉप पर बरकरार

# जामिया हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## हिंसा बंद होगी तभी हम आज करेंगे सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून पर जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह की याचिका पर शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले की कल सुनवाई करेगी लेकिन उससे पहले हिंसा रुकनी चाहिए।

जयसिंह ने चीफ जस्टिस एसए बोबडे के सामने दलील रखी कि पूरे देश में मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हैं और अधिकारों के संरक्षण के लिए अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। चीफ जस्टिस की बेंच के सामने याचिकाकर्ता ने पुलिस द्वारा हिंसा का कथित विडियो होने की भी बात कही। इसके जवाब में चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि यह कोर्ट रूम है, यहां शांति से अपनी बात रखनी होगी। चीफ जस्टिस ने कहा, हम इस मामले पर सुनवाई आज करेंगे, लेकिन पहले हिंसा रुकनी चाहिए। छात्रों को हिंसा करने या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

हम शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हिंसा नहीं होनी चाहिए: सीजेआई



### छात्र कानून अपने हाथ में नहीं ले सकते: सीजेआई

चीफ जस्टिस ने हिंसा की घटनाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हिंसा हर हाल में रुकनी चाहिए। सीजेआई एस ए बोबडे ने कहा, अगर प्रदर्शनकारी स्टूडेंट्स हमारे पास समाधान के लिए आए हैं तो आपको शांति से अपनी बात रखनी होगी। अगर प्रदर्शनकारी बने रहना चाहते हैं तो आप वही करें। हम अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह जंग के माहौल में नहीं हो सकता।

# राहुल की रैली के अगले दिन ही क्यों हुई हिंसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ दिल्ली की जामिया यूनिवर्सिटी और लखनऊ के नदवा कॉलेज समेत देश भर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के लिए बीजेपी ने विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी की शनिवार को ही रीलॉन्चिंग के लिए रैली हुई थी और अगले ही दिन हिंसा भड़क गई।

पात्रा ने कहा कि संसद से पारित कानून के खिलाफ जिस तरह से हिंसक प्रदर्शन हो रहा है, उससे पता चलता है कि विपक्ष जिम्मेदार बर्ताव नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों ने अपने–अपने ओवैसियों को मुस्लिम वोट बैंक के लिए उतारा है। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा, ओवैसी देश में नए जिन्ना के तौर पर काम कर रहे हैं। उनकी प्रतिस्पर्धा में अमानतुल्लाह खान हैं, वह दिल्ली का जिन्ना बनना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि बंगाल में रहने वाले को बांग्ला बोलनी होगी, लेकिन अब हिंदी में ही पूरा भाषण क्यों दिया। क्या उनकी मंशा पूरे देश में उपद्रव की है।

### आरोप

नागरिकता कानून के विरोध पर बोली बीजेपी

**छात्रों के कंधे पर बंदूक रख की जा रही राजनीति**

बीजेपी ने कहा कि छात्रों के कंधों पर बंदूक रखकर जिस तरह से अपनी महत्वाकांक्षा साधी जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पात्रा ने कहा कि इस ऐक्ट में किसी भी भारतीय का कोई लेना–देना नहीं है। किसी अधिकार का हनन नहीं होता है। स्टूडेंट्स इन सभी चीजों को समझते हैं, लेकिन उन्हें भड़काकर कौन मोहरे के तौर पर इस्तेमाल करना चाह रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्रालय ने राज्यों को जारी की अडवाइजरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता कानून के विरोध में असम से लेकर दिल्ली तक देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने अडवाइजरी जारी की है। होम मिनिस्ट्री ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अडवाइजरी जारी कर कहा है कि हिंसक प्रदर्शनों पर लगाम कसी जाए। होम मिनिस्ट्री ने सभी राज्यों से कहा कि देश के नागरिकों की सुरक्षा और उनके जीवन की रक्षा अहम है। अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय ने लिखा है कि राज्यों को कानून–व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए कदम उठाने चाहिए।

### लखनऊ के नदवा कॉलेज में छात्रों का पथराव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ जामिया और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के बाद अब लखनऊ के नदवा कॉलेज में उग्र प्रदर्शन शुरू हो गया है। दारुल उलूम नदवातुल उलामा (नदवा कॉलेज) के गेट पर छात्रों और पुलिस में हिंसक झड़प के हालात बन रहे हैं। पुलिस ने कॉलेज के गेट को बंद कर दिया है। भीतर से सैकड़ों छात्र जामिया के छात्रों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा छात्र गेट की दूसरी तरफ खड़े पुलिसवालों पर ईंट–पत्थर भी फेंके। कुछ पुलिसवाले भी छात्रों पर जवाबी पत्थरबाजी करते दिखे।

### कोर्ट ने रद्द किया आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम का निर्वाचन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रयागराज। समाजवादी पार्टी (एसपी) के सीनियर लीडर आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के निर्वाचन को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। अब्दुल्ला आजम स्वार सीट से विधायक चुने गए थे। इस मामले में वर्ष 2017 में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के नेता नवाब काजिम अली ने चुनाव याचिका दायर की थी।

# विधायक कुलदीप सेंगर दोषी करार

## कोर्ट ने रेप, आपराधिक षड्यंत्र का दोषी करार दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उन्नाव रेप केस में बीजेपी से निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर नाबालिग से रेप मामले में दोषी करार दिए गए। कुलदीप सेंगर के खिलाफ दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने आज अपना फैसला सुनाया। 2017 के अपहरण और बलात्कार मामले में विधायक सेंगर को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने चार्जशीट दाखिल करने में देरी को लेकर सीबीआई को फटकार भी लगाई। महिला आरोपी शशि सिंह को कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया।

**सेंगर एक शक्तिशाली व्यक्ति था:** अदालत ने कहा, श्सेंगर एक शक्तिशाली व्यक्ति था, पीड़िता महानगरीय शिक्षित क्षेत्र की नहीं बल्कि गांव की लड़की थी, जिसकी वजह से मामला दर्ज कराने में देर हुई। उसके द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद उसके परिवारवालों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए। अदालत ने सीबीआई द्वारा मामले में आरोप–पत्र दायर करने में विलंब पर हैरानी जताते हुए कहा कि इसकी वजह से सेंगर के खिलाफ सुनवाई लंबी चली।

**2017 में नाबालिग का किया था रेप:** सेंगर ने 2017 में एक युवती का अपहरण करने के बाद उससे बलात्कार किया था। उस समय युवती नाबालिग थी। अदालत ने सह आरोपी शशि सिंह के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं।

उप्र की बांगरमऊ विधानसभा सीट से चौथी बार विधायक बने सेंगर को इस मामले के बाद अगस्त 2019 में बीजेपी से निष्कासित कर दिया गया था।

### आज सजा का ऐलान

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सेंगर की सजा का ऐलान कल यानी मंगलवार को किया जाएगा। उन्नाव केस में एक मामले पर कोर्ट ने फैसला दिया, लेकिन 4 अन्य मामलों पर फैसला आना अभी बाकी है। कोर्ट ने विधायक सेंगर की मोबाइल लोकेशन को अहम सबूत माना। अपने फैसले में अदालत ने कहा कि इस बात के सबूत हैं कि पीड़िता को शशि सिंह ही दोषी विधायक के पास लेकर गई थीं। सेंगर को आईपीसी की धारा 376, सेक्शन 5(ब) और पॉक्सो ऐक्ट के तहत दोषी करार दिया।

### बंद कमरे में हुई सुनवाई

बंद कमरे में हुई सुनवाई में जिला जज धर्मेश शर्मा ने पहले ही 16 दिसंबर को इस मामले में फैसला सुनाने का ऐलान किया था। पीड़ित युवती की कार को 28 जुलाई में एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। दुर्घटना में युवती की 2 रिश्तेदार मारी गईं और उनके परिवार ने इसमें षड्यंत्र होने के आरोप लगाए थे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव बलात्कार मामले में दर्ज सभी पांच मामलों को एक अगस्त को उत्तर प्रदेश में लखनऊ की अदालत से दिल्ली की अदालत में स्थानांतरित किया था। सर्वोच्च अदालत ने निर्देश दिया था कि रोजाना आधार पर सुनवाई की जाए।

# छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में धरने पर बैठीं प्रियंका गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में हुए प्रदर्शन और पुलिस की कार्रवाई के बाद विपक्ष ने इस मामले में बीजेपी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी कांग्रेस के अन्य सीनियर नेताओं के साथ इंडिया गेट पर धरने पर बैठ गई हैं। उनके साथ केसी वेणुगोपाल, अंबिका सोनी, गुलाम नबी आजाद, अहमद पटेल और एके ऐंटनी भी मौजूद हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश का माहौल खराब हो गया है। उन्होंने कहा, देश का वातावरण खराब हो गया है। पुलिस विश्वविद्यालय में घुसकर (छात्रों को) पीट रही है। सरकार संविधान से छेड़छाड़ कर रही है। हम संविधान के लिए लड़ेंगे।

उधर, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा, श्मोदी सरकार स्वयं हिंसा व बंटवारे की जननी बन गई है। सरकार ने देश को नफरत की अंधी खाई में धकेल दिया है तथा युवाओं के भविष्य को आग की भट्टी में झुलसा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चार महीने में बन जाएगा आसमान छूता राम मंदिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकुड़। झारखंड के पाकुड़ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण की अवधि भी तय कर दी। अमित शाह ने कहा कि चार महीनों के अंदर आसमान को छूता हुआ भव्य राम मंदिर अयोध्या में बनने जा रहा है। अमित शाह ने कहा, अभी–अभी सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या के लिए फैसला दिया। सौ वर्षों से दुनियाभर के भारतीयों की मांग थी कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनना चाहिए। अब भव्य राम मंदिर अयोध्या में बनने जा रहा है। यह कांग्रेस पार्टी न तो विकास कर सकती है, न देश को सुरक्षित कर सकती है, न देश को सुरक्षित कर सकती है, न देशी की जनता की जनभावनाओं को सम्मान कर सकती है।

अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को बनाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को संवारने और यहां विकास करने का काम किया है।

### शाह ने तय की समय सीमा